द्वारा ईमेल/सीसीटीएनएस/अति महत्वपूर्ण

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश

01, तिलक मार्ग, लखनऊ।

पत्रांक:टीएस-आईसीजेएस-01/2016 **दिनांक:मार्च 8, 2019**

सेवा में,

1. अपर पुलिस महानिदेशक, समस्त जोन, उत्तर प्रदेश।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3. पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस उप महानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
4. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
5. पुलिस अधीक्षक, समस्त रेलवेज, उत्तर प्रदेश।
6. समस्त जोन/ परिक्षेत्र / जनपद कोऑर्डिनेटर, कम्प्यूटर ऑपरेटर (ग्रेड-ए) उत्तर प्रदेश।

विषयः- **विभिन्न तरह के सत्यापन एवं गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों के बारे में थानों पर CCTNS के माध्यम से उपलब्ध ऑल-इण्डिया सर्च के द्वारा संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही करना।**

ज्ञातव्य हो कि CCTNS और ICJS के माध्यम से थानों पर व्यापक ऑल-इण्डिया सर्च की सुविधा उपलब्ध है जिसका प्रयोग विभिन्न तरह के सत्यापन, विवेचना एवं जमानत निरस्तीकरण आदि में प्रयोग किया जाना है।

उपरोक्त के संबंध में सभी थानाध्यक्षों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को निर्देशित करें कि ऐसे सभी मामलों में निम्न प्रक्रिया का अनुपालन करें -

1. NDC सर्च (National Data Criminal Search) - जिससे उक्त व्यक्ति द्वारा सम्पूर्ण देश के किसी भी प्रदेश में कारित अपराध ज्ञात हो सके।
2. e-Prison में सर्च जिससे किसी व्यक्ति के सम्पूर्ण देश के किसी भी प्रदेश के किसी भी जेल में किन-किन मामलों में कितने दिन जेल में रहा, ज्ञात हो सके।
3. CCTNS सर्च जिससे उत्तर प्रदेश राज्य के किसी भी थानान्तर्गत किये गये अपराध के बारे में जानकारी हो सके।
4. डाटाबैंक सेवायें (Databank Services) में यौन अपराधी सूचना (Sex Offender Information) में जाकर ऑल इंडिया यौन अपराधी लिस्ट में सर्च, जिसमें इस तरह के अपराध से किसी व्यक्ति की संलिप्तता के बारे में जानकारी हो सके।

5. किसी भी वाहन की बरामदगी पर – UPCOP मोबाइल ऐप्प के "चुराये गये/ बरामद वाहन" मेन्यू में जाकर सर्च करें जिससे ऑल इंडिया डाटाबेस पर पता चल सके कि उक्त वाहन देश के किस राज्य से चोरी या लूटा गया तो नहीं है।

8/3/19

(ओ0पी0 सिंह)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
4. पुलिस महानिरीक्षक अपराध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
5. प्रभारी ईमेल को पत्र मेल व वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।